

### मप्र हाईकोर्ट के नवनियुक्त न्यायाधीश ने कहा : भारत में विधिक क्षेत्र चुनौतियों के साथ उज्जवल संभावनाओं से परिपूर्ण

# मजबूत लोकतंत्र के लिए स्वतंत्र और शक्तिशाली न्यायपालिका आवश्यक : ए. के. निरंकारी

**नवभारत न्यूज**

**जबलपुर।** लोकतंत्र के लिए स्वतंत्र और शक्तिशाली न्यायपालिका को आवश्यक माना गया है। देश की स्वतंत्रता के बाद प्रत्येक दौर में भारतीय न्यायपालिका शक्तिशाली रही है। भारतीय न्यायपालिका मौलिक अधिकारों के संरक्षक के रूप में कार्य करती है जो लोकतंत्र के लिए परम आवश्यक है। यह कहना है मप्र उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति बनाए गए ग्वालियर के वरिष्ठ अधिवक्ता अजय कुमार निरंकारी का।

अपनी नियुक्ति के उपरांत मप्र उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद की शपथ लेने के लिए जबलपुर रवाना होने से पूर्व नवभारत संवाददाता से चर्चा में अजय कुमार निरंकारी ने स्वीकार किया कि भारत में विधिक क्षेत्र चुनौतियों और उज्जवल संभावनाओं से परिपूर्ण है जिसका नित दिन परिमार्जन एवं संवर्धन हो रहा है। श्री निरंकारी कहते हैं कि न्यायाधीश का मुख्य कर्तव्य निष्पक्ष रूप से न्याय करना है, जिसमें कानून की व्याख्या करना, साक्ष्यों का मूल्यांकन करना और यह सुनिश्चित करना शामिल है कि सुनवाई निष्पक्ष और कुशल तरीके से संचालित हो. न्यायाधीशों को बिना किसी डर या पक्षपात के संविधान और कानूनों को बनाए रखना होता है। न्यायाधीशों के कर्तव्य और जिम्मेदारियों को एक परिभाषा अथवा सीमित दायरे में नहीं बांधा जा सकता है। भारत जैसे बड़ी



आबादी एवं विविध जीवनशैली एवं कार्य संस्कृतियों वाले राष्ट्र में ये चुनौतियां और विस्तृत हो जाती हैं।

न्यायाधीशों को यह निर्धारित करने के लिए कानून की व्याख्या करनी होती है कि यह किसी विशेष मामले पर कैसे लागू होता है। न्यायाधीशों को यह निर्धारित करने के लिए साक्ष्यों का मूल्यांकन करना होता है कि क्या यह स्वीकार्य है और यह मामले पर कैसे लागू होता है।न्यायाधीशों को यह सुनिश्चित करना होता है कि सुनवाई निष्पक्ष और कुशल तरीके से संचालित हो। न्यायाधीशों को यह सुनिश्चित करना होता है कि न्यायपालिका की अखंडता बनी रहे और लोगों को न्याय पर विश्वास हो। नवभारत ने इस साक्षात्कार में श्री निरंकारी से जब एक पंक्ति में न्यायाधीश का कर्तव्य रेखांकित करने का आग्रह किया तो उन्होंने सरल शब्दों में कहा कि न्यायाधीश का कर्तव्य न्याय की खोज में निष्पक्ष और कुशल तरीके से निर्णय लेना है।

### विधिक क्षेत्र में स्वर्णिम कैरियर रहा है श्री निरंकारी का

गौरतलब है कि भारत सरकार ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में जजों की नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर दी है। शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार निरंकारी (एके निरंकारी) को हाईकोर्ट जज नियुक्त किया गया है। वे शपथ के बाद हाईकोर्ट में काम शुरू करेंगे। अब ग्वालियर बार से जजों की संख्या छह हो चुकी है। ग्वालियर बार से पहली बार 6 जज हाईकोर्ट में एक साथ काम करेंगे। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद केंद्र सरकारी ने उनकी नियुक्ति की अधिसूचना जारी कर दी। अजय कुमार निरंकारी ने एमएलबी कॉलेज से 2002 में लॉ की डिग्री ली। डिग्री के बाद उन्होंने 2002 में वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम बिहारी मिश्रा के ऑफिस में वकालत की शुरुआत की। श्याम बिहारी मिश्रा के ऑफिस में सिविल, क्रिमिनल में पैरवी की। महाधिवक्ता कार्यालय में 2017 से 2019 तक उप शासकीय अधिवक्ता रहे। 2021 में फिर शासकीय अधिवक्ता बनाया गया। वर्तमान में शासकीय अधिवक्ता पद पर कार्य कर रहे थे। हाईकोर्ट जज पद पर नियुक्ति के बाद वे शासकीय अधिवक्ता के पद के तत्कालीन दायित्व से मुक्त हो गए हैं।



# त्यौहार नजदीक, ई- रिक्शा पर कोई एक्शन नहीं

### बाजार में मचाएंगे धमाचौकड़ी बढ़ेगा ट्रैफिक दबाव

**नवभारत, जबलपुर।** शहर में त्योहारी सीजन नजदीक आते ही बाजारों में रौनक बढ़ने लगी है, लेकिन ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर प्रशासन की तैयारी नाकाफी नजर आ रही है। खासकर ई-रिक्शा पर कोई ठोस कार्यवाही न होने के कारण आगामी त्यौहार के दिनों में ट्रैफिक व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो सकती है। शहर के मुख्य बाजार क्षेत्रों जैसे सुपर मार्केट, गंजीपुरा, लार्डगंज, बड़ा फुहारा, कमानिया गेट, गोहलपुर आदि बाजार क्षेत्र में पहले से ही जाम की स्थिति बनी रहती है। ऐसे में इन ई-रिक्शा की धमाचौकड़ी से न केवल ट्रैफिक धीमा करते हैं, बल्कि पैदल चलने वालों के लिए भी परेशानी बन रहे हैं।

### मनमाने रूट पर चल रहे

यातयात पुलिस द्वारा तीनों थाना क्षेत्र में ई रिक्शा के चलन के लिए अलग- अलग जोन तय किए हैं। लेकिन उसके बावजूद भी निर्धारित रूट छोड़कर दूसरे रूट पर ई- रिक्शा दौड़ते हुए नजर आ रहे हैं। हालांकि ट्रैफिक पुलिस द्वारा समय-समय पर इन ई रिक्शा चालकों पर कार्यवाही की है। लेकिन फिर भी यह अपनी मनमानी पर उतारू हैं, अगर जल्द ही कोई ठोस कार्यवाही नहीं की गई तो यह आने वाले त्यौहारों में बाजार में धमाचौकड़ी मचा सकते हैं।

# पुराना स्टॉक पास कराने व्यापारी बना रहे सर्वेयर पर दवाब

### एम एल टी वेयर हाउस केंद्र में विवाद, सर्वेयर से मारपीट

**नवभारत,जबलपुर।** न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उड़द और मूंग की खरीदी के दौरान जहां एक ओर खरीदी केंद्रों पर अमानक उड़द- मूंग मिल रही है तो वहीं दूसरी ओर खुद को किसान बताने वाले व्यापारी मूंग को पास करने के लिए सर्वेयर पर दवाब बना रहे हैं, जिससे विवाद भी सामने आ रहे हैं। हाल ही में जिले के एम एल टी वेयरहाउस में विवाद सामने आया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एम एल टी वेयरहाउस में बसेड़ी समिति को खरीदी का जिम्मा दिया है, यहां सोमवार को कुछ लोगों ने केंद्र में तैनात सर्वेयर राहुल देव पांडे के साथ झूमाझपकी और मारपीट की थी। वेयरहाउस में मौजूद कुछ लोगों



के अनुसार ये लोग खुद को किसान बताते हैं, लेकिन वास्तव में वह मूंग के व्यापार से जुड़े हुए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नए सर्वेयर पर पुराने स्टॉक और अमानक श्रेणी के अनाज को पास करने का दबाव बनाया जा रहा था। जब उन्होंने ऐसा करने से मना किया तो विवाद बढ़ गया और मारपीट तक नौबत आ गई। नए सर्वेयर का कहना है कि उसके कार्यभार संभालने के बाद जो तुलाई होगी, वही मान्य की जाएगी। पहले से तुलाई किए गए स्टॉक को उसकी आईडी से पास नहीं किया जाएगा। पहले का स्टॉक संदिग्ध होने के कारण उसकी गुणवत्ता और मात्रा की अलग से जांच होना चाहिये। क्योंकि उक्त केंद्र पर अतिरिक्त स्टॉक होने की बात भी कही जा रही है। इस विवाद का कारण स्पष्ट रूप से पुराना स्टॉक बताया जा रहा है, जिसे नए सर्वेयर ने पास करने से इनकार कर दिया।

### खिन्नी मोहल्ला में सनसनीखेज वारदात

# नातिन का प्रेमी घर में घुसा, नानी की कर दी गई हत्या

**जबलपुर।** कोतवाली थाना अंतर्गत खिन्नी मोहल्ला दमोहनाका में एक घर में घुसकर वृद्धा की संदिग्ध परिस्थितियों में हत्या कर दी गई। हत्या किसने की हैं कातिल के नाम से पर्दा नहीं उठ सका हैं मंगलवार सुबह करीब 7 बजे सूचना मिलते ही पुलिस मौका-ए-वारदात पर पहुंच गई और घंटों छानबीन की, बयान दर्ज किए। मर्ग कायम करने के बाद शव को पीएम के लिए भेजा गया। देर रात तक पुलिस हत्या समेत अन्य एंगल पर जांच पड़ताल करने में जुटी रहीं। इस बीच दो अहम बिन्दु सामने आये। पुलिस सूत्रों के मुताबिक यह बात सामने आई कि रात में नातिन से मिलने के लिया उसका प्रेमी घर में घुस गया था जिसे उसकी नानी ने देख लिया था जिसके बाद विवाद हुआ था इसके बाद वृद्धा की गला घोंटकर हत्या कर दी गई हैं। पुलिस अंधी



हत्या की गुत्थी सुलझाने में जुट गई हैं। कोतवाली थाना प्रभारी मानस द्विवेदी ने बताया कि खिन्नी मोहल्ला दमोहनाका श्रीमती हीराबाई 70 वर्षीय बीती रात खाना खाने के बाद सो गई थी उनके साथ में उनकी दो नातिन 19 वर्षीय और 15 वर्षीय भी कमरे में थी। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। सुबह जब वे सोकर नहीं उठीं तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया इसके बाद बड़ी नातिन ने दरवाजा खोला। श्रीमती हीराबाई 70 वर्ष जमीन पड़ी मिली। शाम सात बजे श्रीमती मीना चौधरी 55 वर्ष निवासी ने मामले की सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर पूछताछ की तो बड़ी नातिन ने बताया कि उसके हाथ पैर बंधे थे जबकि छोटी नातिन ने बताया कि वे सो रही थी उसे कुछ नहीं पता हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### एफएसएल, फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट ने जुटाए साक्ष्य

सनसनीखेज हत्याकांड की सूचना मिलते ही नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली रीतेश कुमार शिव, एफएसएल डाक्टर अजय सिंह, फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट मौके पर पहुंच गए थे इस दौरान घटना स्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए गए।

### आंख, नाक, गले में चोट प्रेम, प्रॉपर्टी विवाद

मृतिका की आंख, नाक, गले में चोट के निशान मिले हैं। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक प्रेम प्रसंगऔर प्रॉपर्टी विवाद सामने आया हैं ।

### रात में कौन आया, संदेहियों से पूछताछ


कोतवाली सीएसपी रीतेश कुमार शिव ने बताया कि वृद्धा की मौत की गुत्थी सुलझाने में पुलिस जुट गई है परिजनों ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया है कि रात में कोई आया था जिसने हत्या की है पुलिस हर एंगल पर जांच कर रही हैं पीएम रिपोर्ट फिलहाल नहीं मिली हैं विस्तृत जांच के बाद ही मामला स्पष्ट होगा। अब तक की जांच में मामला हत्या का ही लग रहा हैं। पुलिसचार संदेहियों से पूछताछ कर रही हैं।

### इनका कहना है



मेरी मां को कोई मारकर चला गया। कमरे का दरवाजा खुला था मां मृत मिली। भाजियों के भी हाथ पैर बंधे हुए थे। पड़ोसियों से पुरानी रंजिश चल रही है छत्रपाल पर हत्या का शंका है।

**लक्ष्मी चौधरी**
**मृतिका की बेटी**



सूचना पर स्टॉफ के साथ मौके पर पहुंची। वृद्धा मृत अवस्था पर मिली। दो नातिन भी उनके साथ सोती थी जिन्हें बताया कि मौत कैसे हुई उन्हें पता नहीं। पुलिस शव पीएम के लिए भेज जांच कर रही है।

**राजरानी कैशवास**
**एसआई**

# जब अचानक भरभराकर गिरी दीवार

### ▶ दीवार के साथ नाले में समाई कार

**नवभारत,जबलपुर।** कुछ दिन से शहर में रूक-रूककर हो रही बारिश के चलते रांझी के मानेगांव में मंगलवार को अचानक एक दीवार भरभराकर गिर गई। दीवार से सटकर एक कार खड़ी थी हादसे में ये कार भी नाले में जा गिरी। जानकारी के अनुसार नगर निगम प्रशासन के द्वारा करीब ढाई साल पहले मानेगांव से होकर परशुराम कुंड में मिलने वाले एक नाले की चार



दीवारी का निर्माण किया गया था। इसी दीवार का एक बड़ा हिस्सा मंगलवार को नाले की मिट्टी धसकने से धराशायी हो गया। इस संबंध में स्थानीय रहवासी महेंद्र रजक ने नवभारत को बताया कि दीवार गिरने से उसकी नेक्सॉन कंपनी की कार नाले में जा घुसी।

# 20 लाख ऐंठ मकान दूसरे को बेचा

**जबलपुर।** अमखेरा स्थित एक मकान को बेचने के नाम पर जालसाज ने बीस लाख रूपए ऐंठ लिए और ठगी करते हुए मकान को किसी अन्य को बेच दिया। पीड़िता ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई और न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता श्रीमति कौसर बेगम अंसारी पति शेरे अफगान अंसारी, निवासी मोतीनाला ने शिकायत में बताया कि वह शासकीय शिक्षिका हैं।



आकिब अंसारी पिता मोहम्मद नसीम अंसारी निवासी मोतीनाला चोंदनी चौक मौलाना अब्दुल कलाम आजाद वार्ड, से अमखेरा स्थित मकान 20,00,000 रूपए में क्रय किया था मकान को क्रय करने के लिये फायनेंस बैंक से लोन लिया गया था। जिसके बाद चेक के जरिए 15,87,629 रूपए और नगद 4,12,371 रूपए दिए थे। जिसकी रजिस्ट्री आकिब द्वारा उनके पक्ष में उपपंजीयक कार्यायल में उपस्थित होकर गवाहों के समक्ष की गयी थी। बाद में पता चला कि मकान को आकिब ने किसी अन्य व्यक्ति सुनील रजक को विक्रय कर दिया है।

# नौकरी देकर स्पा संचालक ने लूटी आबरू

**जबलपुर।** विजय नगर क्षेत्र स्थित रॉयल क्राउन स्पा सेंटर संचालक पर एक महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि नौकरी देने के बाद संचालक ने काम सिखाने के बहाने उसकी आबरू लूटीं हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत देते हुए पीड़िता ने बताया कि एक साल पूर्व उसके पति का निधन हो गया था इसके बाद से वह जबलपुर में काम की तलाश में आ गई थी। विजय नगर क्षेत्र स्थित रॉयल क्राउन स्पा सेंटर में मैनेजर की उसे 8 हजार रुपये मासिक वेतन पर काम पर रख गया। सेंटर संचालक आशुतोष ने मसाज सिखाने के बहाने शारीरिक संबंध बनाये। प्रताड़ना से तंग आकर स्पा सेंटर की नौकरी छोड़कर चली गई थी उसके बाद भी आशुतोष उसे परेशान करते हुए धमका रहा है।

### खुद को बताता था भाजपा नेता पार्टी करायेगी कार्यवाही

आशुतोष खुद को भाजपा नेता बताता हैं उसने सोशल मीडिया एकाउंट में खुद को मीडिया प्रभारी भी लिखा है। मामले में भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेशन ने बताया कि आशुतोष पार्टी में किसी भी पद पर नहीं है। खुद को सोशल मीडिया पर पदाधिकारी बनाया है जो गलत हैं, गुमराह करने पर संगठन उनके खिलाफ मामला दर्ज कराते हुए कानूनी कार्रवाई कर रही हैं।

# व्यापारियों ने घेरा एसपी कार्यालय, आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**जबलपुर।** सुपर मार्केट में शोरूमसंचालक ऋषि अग्रवाल गोलू और उनके पार्टनर शिवांग शिवहरे पर हुए प्राणघातक हमले को 8 दिन हो चुके हैं और अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं अपराधियो की अभी तक की गिरफ्तारी नहीं हुई हैं। जिसको लेकर सराफा व्यवसायी आक्रोशित हैं व्यापारियों ने आज एसपी कार्यालय घेरा। साथ ही की हैं कि आरोपियों की धर पकड़ जल्दी से जल्दी हो और उनके खिलाफ





सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही हो। यदि उक्त कार्यवाही जल्द से जल्द नहीं होती है तो सराफा व्यवसायी एक बड़े आंदोलन के लिये तैयार हैं। कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी प्रशासन की होंगी।

# पीएचडी में प्रवेश के लिए 2 अगस्त तक होंगे साक्षात्कार

**जबलपुर, नवभारत।** रानी दुर्गावती विश्व विद्यालय में पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के तहत साक्षात्कार मंगलवार से प्रारंभ हुआ। यह शोध सलाहकार समिति (आरएसी) साक्षात्कार लेगी।इसमें अभ्यर्थियों को अपने अनुसंधान क्षेत्र और रुचि के लिए मूल्यांकन प्रक्रिया से गुजरना होगा। समिति अनुसंधान योजना की मौलिकता और प्रासंगिकता को परखेगी। अंतिम मेरिट सूची साक्षात्कार के बाद विषयवार जारी की जाएगी। बता दें कि प्रवेश परीक्षा के 70 फीसदी और 30 प्रतिशत अंक साक्षात्कार के होंगे।

### यह होगा शेड्यूल

जानकारों कि माने तो हिंदी, पत्रकारिता, दर्शनशास्त्र, ड्राइंग एंड पेंटिंग, संस्कृत, अंग्रेजी (दर्शनशास्त्र विभाग में) विषय के लिए 29 जुलाई को साक्षात्कार होगा। वही बॉटनी, बायोटेक्नोलाजी (बायोसाइंस विभाग) 30 जुलाई को इसके साथ ही भौतिकी, विधि, राजनीति विज्ञान, खाद्य एवं पोषण, गणित, शिक्षा, शारीरिक शिक्षा विषय का साक्षात्कार की प्रक्रिया 31 जुलाई को और रसायनशास्त्र, इतिहास, भूगोल, प्राणी विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, कंप्यूटर विज्ञान, वाणिज्य, एप्लाइड इकोनॉमिक्स विषय के लिए 1 अगस्त को और अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, सामाजिक कार्य, प्रबंधन विषय के लिए 2 अगस्त को साक्षात्कार की प्रकिया होगी।

# ऑटो चालक की गुंडई: कांच के टुकडे से नौवीं के छात्र पर किया वार, धमकाया

**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत महाराजपुर बावली में एक ऑटो चालक की गुंडई सामने आई। पहले तो ऑटो को लहराते हुए चलाया इस दौरान रोड में पड़ी कीचड़ स्कूल जा रहे नौवीं कक्षा के नौनिहाल की ड्रेस पर पड़ गई जिसका छात्र ने विरोध किया तो वे बौखला गया और बालक की हाथ घूसों से पिटाई कर कांच के टुकड़े से वार कर दिया और धमकाते हुए फरार हो गया। पुलिस के मुताबिक सूर्या मिश्रा निवासी महाराजपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कक्षा नौवीं का छात्र हैं और महाराजपुर स्थित निजी स्कूल में पढ़ता हैं। जब वह घर से स्कूल जा रहा था तभी सामने एक ऑटो वाला अपने आटो को लहराते हुए चला रहा था जिससे रोड में पडा पानी उसकी ड्रेस पर लगा तो उसने विरोध करते हुए कहा भैया कैसा आटो चला रहे हो मेरे ऊपर गंदा पानी पड रहा है ड्रेस खराब हो गई इसी बात पर से आटो वाला शेख सुब्बन उर्फ कल्लू धमकाने लगा और हाथ घूसों से मारपीट कर दी। आटो में रखी कांच के टुकडे से मारा जिससे उसे चोटें आ गई। पुलिस ने रिपोर्ट पर आटो चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

**लापरवाही** — घमापुर के शासकीय प्राथमिक बालक शाला का हाल बदहाल, नहीं चेत रहे जिम्मेदार

# मौत के साये के बीच पढ़ाई करने मजबूर मासूम

**नवभारत,जबलपुर।** भाग्य और सौभाग्य अगर साथ हो तो किसी का बाल बांका भी नहीं हो सकता लेकिन अगर कहीं भाग्य साथ न हो तो किसी भी दिन बड़ी दुर्घटना का आप शिकार हो सकते हैं। लेकिन ऐसे में जानकारी होने के बाद भी अगर जर्जर भवन को ठीक नहीं किया जा रहा तो ये बेशर्मी की हद मानी जाएगी। जी... हां भाग्य के भरोसे इन दिनों घमापुर नंबर-1 के शासकीय प्राथमिक बालक शाला के विद्यार्थी व स्कूल स्टाफ रहकर स्कूल आ रहा है। कब हादसा हो जाए कब कौन शिकार हो जाए किसी को कुछ नहीं पता। वजह



स्कूल के जर्जर भवन व छत के नीचे स्कूल में पढ़ाई करना।

बस उन्हें किसी हादसे ने बचाकर रखा है तो वह सिर्फ भाग्य ही है। अब तो स्कूल के मासूम बच्चों के मुंह से सिर्फ एक ही आवाज निकल रही है कि सर स्कूल की जर्जर छत नहीं ठीक कर पा रहे हो तो हम लोगों को स्कूल कहीं और शिफ्ट कर दो।

### कब तक देगा हमारा भाग्य साथ?

स्कूल के जर्जर भवन व छत की हालत देख स्कूल के शिक्षकों के बीच में अब तो ये चर्चाएं होने लगीं हैं कि जिम्मेदारों नींद से अभी भी जाग जाओ.. आखिर हम लोगों का भाग्य कब तक साथ देगा। उधर विद्यार्थियों के अभिभावकों ने भी स्कूल के जर्जर भवन व बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की है और जिम्मेदारों के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया है। नाम न छापने की शर्त पर स्कूल के ही एक शिक्षक ने नवभारत को बताया कि बारिश के पहले से ही स्कूल के भवन की जर्जर अवस्था से जिम्मेदारों को अवगत करा दिया गया था लेकिन आज तक स्कूल के जर्जर भवन को ठीक नहीं किया गया। आलम ये है कि बारिश में स्कूल की छत से पानी टपकता है और आए-दिन स्कूल के जर्जर भवन का प्लास्टर नीचे गिर जाता है।

### चाकू अड़ाकर नगदी लूटीं

**जबलपुर।** गोराबाजार थाना अंतर्गत सीएमएम गेट भोंगाद्वार के पास मोटर सायकिल से पहुंचे लुटेरों ने एक युवक पर चाकू अड़ाकर नगदी रूपए लूट लिए। पुलिस के मुताबिक रिषी उर्फ भोला यादव 29 वर्ष निवासी पाटबाबा मंदिर के पास पिगरी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह दूध बेचने का धंधा करता है रात में वह सीएमएम गेट की तरफसे दूध बांटकर अपनी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एन वाई 6153 से अपने घर लौट रहा था लगभग 9 बजे सीएमएम गेट भोंगाद्वार के पास अज्ञात 3 लड़के एक मोटर सायकल से उसकी गाड़ी के सामने आकर उसे रोके और एकाएक उसे चाकू अड़ाकर उसके पेंट की पीछे की जेब में रखे लगभग 8 हजार 800 रूपये छीनकर शिवपुरी तरफभाग गयें

# सड़क पर गौवंश का विचरण कम होने से दुर्घटना में आई गिरावट

### ▶ कलेक्टर की पहल, डीआईजी ने की सराहना

**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर दीपक सक्सेना की पहल पर गौवंश को सड़क दुर्घटना से बचाने जबलपुर-भोपाल मार्ग पर शहपुरा जनपद पंचायत क्षेत्र में चलाये जा रहे अभियान के सकारात्मक परिणाम दिखाई देने लगे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग के इस हिस्से पर अब गौवंश का विचरण कम हो गया है और दुर्घटनाओं में भी अपेक्षाकृत कमी आई है। कलेक्टर की इस पहल के तहत सड़क दुर्घटना से गौवंश की सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग के आस-पास के क्षेत्र में गौशालाएं चिन्हित की गई तथा सड़क पर विचरण कर रही गायों को लाकर इन गौशालाओं में रखा जा रहा है। इन गौशालाओं में गौवंश के लिए भूसा



और पानी की व्यवस्था की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतें निभा रही हैं उप पुलिस महानिरीक्षक अतुल सिंह ने गौवंश की सुरक्षा के लिए जिले में चलाये जा रहे अभियान की सराहना करते हुए गायों को सड़क दुर्घटना से बचाने के कलेक्टर जबलपुर द्वारा अपनाये गये इस उपाय को सर्वोत्तम बताया है।

### बैठक में हुआ था विचार विमर्श

ज्ञात हो कि कलेक्टर दीपक सक्सेना के निर्देश पर गौवंश को सड़क दुर्घटना से बचाने जनपद पंचायत शहपुरा के अंतर्गत नेशनल हाईवे पर पशुओं के विचरण को रोकने के उपायों पर विचार विमर्श करने जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत की अध्यक्षता में 14 जुलाई को बैठक आयोजित की गई थी। 15 जुलाई से अभियान चलाने का निर्णय लिया गया था। जिला पंचायत के सीईओ ने बैठक में नेशनल हाईवे पर विचरण कर रहे गौवंश को हटाकर उन्हें गौशाला में रखने या कांजी हाऊस भेजने के निर्देश दिये थे।